# NATIONAL YOUTH DAY

## NSS UNITS 1 & 2

and



**Mera Yuva Bharat (MY Bharat) Dhanbad**

(Ministry of Youth Affairs & Sports, Government of India)



on

**Date.: 12.01.2026 | Time: 09.30 A.M**

**Theme :- Run for Swadeshi**

# GURU NANAK COLLEGE, DHANBAD

# गुरु नानक कॉलेज

## धनबाद में राष्ट्रीय युवा दिवस का आयोजन

आज दिनांक 12 जनवरी 2026 को गुरु नानक कॉलेज, धनबाद की एन.एस.एस. इकाई–1 एवं इकाई–2 द्वारा राष्ट्रीय युवा दिवस (स्वामी विवेकानंद की 163वीं जयंती) के अवसर पर एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन भूदा परिसर स्थित बैडमिंटन कोर्ट में किया गया। कार्यक्रम का मुख्य विषय "युवाओं की शिक्षा और रोजगार" रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ स्वामी विवेकानंद जी के छायाचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। इस अवसर पर प्राचार्या डॉ. रंजना दास ने स्वामी विवेकानंद के आदर्शों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि शिक्षित, आत्मनिर्भर और रोजगारोन्मुख युवा ही राष्ट्र के उज्ज्वल भविष्य की आधारशिला हैं। उन्होंने युवाओं से विवेकानंद जी के विचारों को अपने जीवन में आत्मसात करने का आह्वान किया।

एन.एस.एस. कार्यक्रम पदाधिकारी प्रो. अभिषेक कुमार सिन्हा ने स्वामी विवेकानंद के जीवन, उनके राष्ट्रवादी विचारों तथा युवाओं के प्रति उनके विश्वास पर चर्चा की।

राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर "रन फॉर स्वदेशी" का भी आयोजन किया गया, जिसके अंतर्गत 1 किलोमीटर की दौड़ तथा जन-जागरूकता रैली निकाली गई। इस रैली के माध्यम से युवाओं को स्वदेशी अपनाने, आत्मनिर्भर बनने तथा शिक्षा व रोजगार के प्रति जागरूक किया गया। ।इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य स्वामी विवेकानंद के विचारों को जीवन में उतारने के संकल्प के साथ सम्पन्न हुआ।

इस आयोजन में माय युवा भारत–मेरा भारत, धनबाद का योगदान सक्रिय रूप से रहा।

कार्यक्रम का आयोजन महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. रंजना दास के मार्गदर्शन एवं प्रेरणा से किया गया। आयोजन में लगभग पचास छात्र-छात्राओं ने सक्रिय सहभागिता दर्ज कराई।इस अवसर पर प्रो. दीपक कुमार, प्रो. डॉ. मीना मालखंडी, , प्रो. संजय सिन्हा, प्रो. वर्षा सिंह, प्रो. नीता ओझा, प्रो. सोनू प्रसाद यादव, प्रो. पुष्पा, प्रो. स्नेहल, प्रो. करुणा सिंह, प्रो. ममता, प्रो.मुकेश कुमार महतो, प्रो. अंशुमन साहा, प्रो. कौशिक, रंजीत मिश्रा, पंकज, एवं अन्य शिक्षकेत्तर कर्मी उपस्थित थे।



NSS UNITS 1 & 2
and
GURU NANAK COLLEGE
DHANBAD


NATIONAL YOUTH DAY
NSS UNITS 1 & 2
GPS Map Camera
Google
Dhanbad, Jharkhand, India
Hirapur, Shitala Colony Rd, Bhuda Colony,
Dhanbad, Jharkhand 826004, India
Lat 23.782897° Long 86.448768°
Monday, 12/01/2026 10:14 AM GMT +05:30


NATIO
Mera Y
(Ministr
Date.
Then
GURU NAN


NATIONAL YOUTH DAY
NSS UNITS 1 & 2
and
Mera Yuva Bharat (MY Bharat) Dhanbad
(Ministry of Youth Affairs & Sports, Government of India)
on
Date.: 12.01.2026 | Time: 09.30 A.M
GURU NANAK COLLEGE,
GURU NANAK COLLEGE
DHANBAD


GPS Map Camera
Dhanbad, Jharkhand, India
Hirapur, Shitala Colony Rd, Bhuda Colony,
Dhanbad, Jharkhand 826004, India
Lat 23.782901° Long 86.448753°
Monday, 12/01/2026 10:04 AM GMT +05:30
Google


NATIONAL YOUTH DAY
GPS Map Camera
Dhanbad, Jharkhand, India
Dunridhar, Rani Rd, Near G.n. College, Bhuda
Colony, Dhanbad, Jharkhand 826004, India
Lat 23.7829° Long 86.448672°
Monday, 12/01/2026 09:54 AM GMT +05:30
Google


NATIONAL YOUTH DAY
GPS Map Camera
Dhanbad, Jharkhand, India
Dunridhar, Rani Rd, Near G.n. College, Bhuda
Colony, Dhanbad, Jharkhand 826004, India
Lat 23.78296° Long 86.448596°
Monday, 12/01/2026 10:07 AM GMT +05:30
Google


GPS Map Camera
Dhanbad, Jharkhand, India
Qcmx+446, Rani Rd, Bhuda Colony, Dhanbad,
Jharkhand 826004, India
Lat 23.782713° Long 86.448019°
Monday, 12/01/2026 10:27 AM GMT +05:30
Google


GURUNANAK
DHANBAD
NATIONAL YOUTH DAY
NSS UNITS 1 & 2
and
on
GURU NANAK COLLEGE, DHANBAD
LEGE, DHANBAD
GURU NANAK COLLEGE, DHANBAD

शहर में स्वामी विववेकानंद जी की जयंती को युवा दिवस के रूप में मनाया गया, स्वामी जी के वचनों से युवाओं में भरा जोश

# स्वामी जी भारतीय संस्कृति के अद्वितीय नायक

## बोले सीएमडी

**धनबाद, प्रमुख संवाददाता** । युवा दिवस पर बीसीसीएल सीएमडी मनोज कुमार अग्रवाल ने कोयला नगर स्थित विवेकानंद चौक पर स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें अपनी श्रद्धांजलि दी।

कार्यक्रम में बेलूर मठ के संन्यासी स्वामी सिद्धिप्रदानंद जी महाराज विशेष रूप से शामिल हुए। अवसर पर निदेशक (तकनीकी/संचालन) संजय कुमार सिंह, ओएसडी (वित्त) राजेश कुमार, कंपनी सेक्रेटरी, बीके परुई सहित कोयला भवन मुख्यालय के जीएम, विभागाध्यक्ष एवं अन्य अधिकारी-कर्मी उपस्थित रहे।

इसके उपरांत सीएमडी ने रामकृष्ण विवेकानंद स्वाध्याय सेवा ट्रस्ट, कोयला नगर में स्कूली बच्चों के लिए आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि स्वामी जी भारतीय संस्कृति के एक अद्वितीय नायक थे, जिन्होंने पाश्चात्य सभ्यता की चकाचौंध के बीच भारतीय संस्कृति को वैश्विक पटल पर एक नयी पहचान दी। कार्यक्रम में धनबाद एवं आसपास के क्षेत्रों के विभिन्न स्कूलों के लगभग 100 से अधिक छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। इस अवसर पर रामकृष्ण विवेकानंद स्वाध्याय सेवा ट्रस्ट, कोयला नगर से बिकेश सिंह तथा दिलीप कुमार सिंह उपस्थित थे।



गुरुनानक कॉलेज में एनएसएस की ओर से आयोजित रन फॉर स्वदेशी व जन जागरुकता रैली में शामिल छात्र-छात्राएं।

## रन फॉर मैराथन में कुंदन व खुशबू प्रथम

**धनबाद, मुख्य संवाददाता।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने सोमवार को स्वामी विवेकानंद की 164वीं जयंती पर गोल्फ ग्राउंड में रन फॉर धनबाद मैराथन का आयोजन किया। इसमें प्रथम कुंदन कुमार यादव, द्वितीय अंकित कुमार राम, तृतीय महेंद्र महतो तथा छात्राओं में प्रथम खुशबू कुमारी, द्वितीय रिहाना खातून, तृतीय राजनंदनी कुमारी को मिला।

कार्यक्रम में राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य बाबूलाल मेहता, मुख्य अतिथि मुकेश पांडेय, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अंशु तिवारी, प्रियंका गोराई, विक्की ठाकुर, विभाग छात्रा प्रमुख गायत्री कृष्णा, हरगोविंद कुमार पाठक मौजूद थे। बाबूलाल मेहता ने कहा कि स्वामी विवेकानंद के लिए खेल केवल मनोरंजन नहीं, बल्कि एक साधना थी। मौके पर विशिष्ट अतिथि तारक दास, धनबाद महानगर अध्यक्ष डॉ मनोज सिंह, कार्यक्रम संयोजक प्रियंका गोराई, महानगर मंत्री कृष्णा हाजरा समेत अन्य ने संबोधित किया।

### रन फॉर स्वदेशी व जन जागरुकता रैली

**धनबाद।** गुरुनानक कॉलेज मे एनएसएस इकाई एक एवं इकाई दो की ओर से सोमवार को राष्ट्रीय युवा दिवस मनाया गया। युवाओं की शिक्षा और रोजगार विषय पर आयोजित कार्यक्रम मे प्राचार्य डॉ रंजना दास ने स्वामी विवेकानंद के आदर्शों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि शिक्षित, आत्मनिर्भर और रोजगारोन्मुख युवा ही राष्ट्र के उज्ज्वल भविष्य की आधारशिला है। मौके पर रन फॉर स्वदेशी का भी आयोजन किया गया। इसके अंतर्गत एक किलोमीटर की दौड़ तथा जन-जागरुकता रैली निकाली गई। मौके पर एनएसएस कार्यक्रम पदाधिकारी प्रो. अभिषेक कुमार सिन्हा, प्रो. दीपक कुमार, प्रो. डॉ मीना मालखंडी, प्रो. संजय सिन्हा, प्रो. वर्षा सिंह, प्रो. नीता ओझा, प्रो. सोनू प्रसाद यादव, प्रो. पुष्पा, प्रो. स्नेहल, प्रो. करुणा सिंह, प्रो. ममता, प्रो. मुकेश कुमार महतो आदि थे।

Hindustan
Dated :- 13-01-2026.

www.jagran.com



गुरु नानक कालेज मे राष्ट्रीय युवा दिवस समारोह मे शिक्षक- विद्यार्थी • जागरण

### रैली से युवाओं को स्वदेशी अपनाने का दिया संदेश

**जासं, धनबाद :** गुरु नानक कालेज की एनएसएस इकाई-एक एवं इकाई-दो ने युवा दिवस मनाया। इस वर्ष का मुख्य विषय युवाओं की शिक्षा और रोजगार रहा। कार्यक्रम की शुरुआत स्वामी विवेकानंद के छायाचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर की गई। प्राचार्या डा. रंजना दास ने स्वामी विवेकानंद के आदर्शों को आत्मसात करने का आह्वान किया। एनएसएस कार्यक्रम पदाधिकारी असिस्टेंट प्रोफेसर अभिषेक कुमार सिन्हा ने सराष्ट्रवादी विचारों पर चर्चा की। इस अवसर पर 'रन फार स्वदेशी' का आयोजन किया गया।

Dainik Jagran
Dated :- 13-01-2026.